16.01.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- स्टार्टअप इंडिया महज योजना नहीं, युवाओं के सपनों को सच करने वाला 'इंद्रधनुष' है— कहा प्रधानमंत्री ने।
- प्रधानमंत्री मोदी कल मालदा से देश की पहली 'वंदे भारत स्लीपर' ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम से जारी की लाड़ली बहना योजना की 32वीं किश्त।
- बर्फीली हवाओं के बीच 4.6 डिग्री तक गिरा पारा; शहडोल का कल्याणपुर रहा सबसे ठंडा, 20 जनवरी से बारिश का अलर्ट।

पीएम-स्टार्टअप इवेंट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम महज एक योजना नहीं बल्कि एक 'इंद्रधनुषी दृष्टि' है जो विभिन्न क्षेत्रों को नए अवसरों से जोड़ती है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्टार्टअप इंडिया के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया मिशन महज दस वर्षों में एक क्रांति बन गया है और इसने पूरे देश में एक नई संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। उनका कहना था कि वर्तमान में भारत के युवाओं का ध्यान वास्तविक समस्याओं के समाधान पर अधिक ध्यान है। इसके लिए उन्होंने इन युवाओं की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्टार्टअप इंडिया एक दशक पूरा कर चुका है और इसकी कामयाबी सरकारी योजना की ही कामयाबी नहीं बल्कि इससे लाखों के स्वप्न साकार हुए हैं।

पीएम-असम-पश्चिम बंगाल यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से पश्चिम बंगाल और असम के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। यात्रा के पहले दिन प्रधानमंत्री मालदा रेलवे स्टेशन पर हावड़ा और गुवाहाटी मार्ग पर देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा के दूसरे दिन प्रधानमंत्री असम के कालियाबोर में छह हजार नौ सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना का भूमि पूजन करेंगे।

अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मकर संक्रांति किसानों का त्यौहार है और एक तरह से ये लोग ही इस दिन अपने नए साल की शुरूआत करते हैं। नई दिल्ली में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय पतंग उत्सव को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा उत्तरायण इसी परंपरा का एक हिस्सा है।

सड़क लोकार्पण

प्रदेश को सड़क विकास की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि कल केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विदिशा में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन 181 किलोमीटर लंबी परियोजनाओं से भोपाल–विदिशा–सागर सहित मध्य भारत और बुंदेलखंड की सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होगी। यात्रा समय कम होगा, सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और उद्योग, कृषि व पर्यटन को नई गति मिलेगी।साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी और युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देने के लिए तीन आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का भी शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री माखन नगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम जिले के माखन नगर से नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए लाड़ली बहना योजना की 32वीं किश्त का अंतरण किया। इस अवसर पर प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में 1,836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी लाड़ली बहनों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार बहनों के कल्याण के हर प्रयास करेगी..

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने माखन नगर में लोक निर्माण विभाग द्वारा 137 लाख 94 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण भी किया। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया।

## भाजपा-बीएमसी

भारतीय जनता पार्टी ने शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में जीत के लिए महाराष्ट्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जनता ने देखा है कि भाजपा और गठबंधन पार्टी महायुति ने बृहन्मुंबई नगर निगम-बीएमसी चुनावों में शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि केरल नगर निगम चुनावों में भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में पहली बार बहुमत हासिल किया था और आज बीएमसी चुनावों में उसे अभूतपूर्व जीत मिली है।

## समाधान योजना

समाधान योजना 2025-26 के तहत बकायादार बिजली उपभोक्ताओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि अब तक 11 लाख 88 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीयन कराया है। इसके अंतर्गत 632 करोड़ 92 लाख रुपये की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 276 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ किया गया है।उपभोक्ताओं की उत्साहजनक भागीदारी को देखते हुए समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि बढ़ाकर अब 31 जनवरी 2026 तक कर दी गई है। इस दौरान तीन माह से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान पर सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ ले सकेंगे।

## सचिव सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के दशहरा मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय पंचायत सचिव सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें शासन की सबसे सशक्त इकाई हैं और गांवों के विकास में पंचायत सचिवों की भूमिका सेतु के समान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि अब पंचायत सचिव 62 वर्ष की आयु तक सेवा देंगे। साथ ही सातवें वेतनमान के आदेश जारी हो चुके हैं और पंचायत सचिवों को विशेष भत्ते का लाभ भी मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में 16 विभाग मिलकर काम करेंगे और सभी योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राहियों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि सशक्त गांव ही सशक्त भारत की मजबूत नींव हैं।

## मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर लगातार बना हुआ है। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा स्थान रहा, जबकि शाजापुर, कटनी और मंदसौर में भी पारा 5 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। ग्वालियर-चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ। भोपाल और इंदौर सहित बड़े शहरों में भी तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 20 जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव और हल्की बारिश की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

- श्योपुर में आज मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में 5 दिवसीय मिलेट फेस्टिवल का शुभारंभ किया गया।
- गणतंत्र दिवस पर भोपाल में देश भक्ति के तरानों को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समारोह को लेकर लाल परेड ग्राउंड में रिहर्सल शुरू कर दी गई है।
- सीहोर कलेक्टर ने आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया और धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।
- खंडवा- वन विभाग के मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन परिक्षेत्र खालवा द्वारा खालवा वन परिक्षेत्र के चूनाखाल के सरदार सरोवर तालाब के समीपअनुभूति

कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल विद्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

- अनूपपुर जिले में 34 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है।
- अशोकनगर जिले में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 17 जनवरी से किया जाएगा।